BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
POST MID TERM- (2024-25)
HINDI

Class: V | Duration : **1.00 Hrs**
Date : 11.01.2025 | Max. Marks: **25**
Admission No.: | Roll No.:

<u>नोट :</u>

प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- **[5]**

पुराने समय में नारायणपुर गाँव में राजू नाम का एक माली रहता था । वह अपनी रोज़ की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए माला बनाकर अपने गाँव के मंदिर में बेचने के लिए ले जाता था। जिस दिन पाठशाला को छुट्टी होती, उसकी बेटी नमिता भी उसके साथ मालाएँ बेचने जाती थी। जब नमिता थोड़ी बड़ी हुई तो वह भी मालाएँ बनाने लगी। अब पिता-पुत्री गाँव के अलग- अलग मंदिरों में अपनी बनी हुई मालाएँ बेचने जाते थे। राजू की माला जहाँ पचास रुपए में बिकती, वहीं नमिता की माला तीस- चालीस रुपयों में ही बिकती थी। कुछ सालों में अभ्यास करते-करते वह बहुत सुन्दर मालाएँ बनाने लग गई। अब उसकी मालाएँ अस्सी-नब्बे रूपयों में भी बिकने लगी।एक दिन उसने अपने पिता से कहा, " मैं तो इतनी सुंदर मालाएँ बनाती हूँ कि वे अब आप की मालाओं से भी लगभग दुगने दाम में बिक जाती है। यह देखकर राजू ने उसे समझाया कि घमंड करना अच्छी बात नहीं है। यह मत भूलो कि मैंने ही तुम्हें माला बनाना सिखाया है। नमिता को अपनी गलती का अहसास हुआ। नमिता ने पिता से माफ़ी माँगी और कभी घमंड न करने का वादा किया।

(i) राजू के गाँव का नाम था-

(a) समसपुर (b) नारायणपुर (c)सहारनपुर (d)सोनपुर

(ii) राजू माला बेचने कहाँ जाता था?

(a)गाँव के मंदिर में (b) दूसरे गाँव में (c)शहर में (d) घर-घर

(iii) .पहले नमिता की माला कितने रुपये में बिकती थी?

(a)तीस-चालीस (b) पचास-साठ (c)सत्तर-अस्सी (d)अस्सी-नब्बे

(iv) नमिता ने अंत में किसके माफ़ी माँगी ?

(a) पिता (b)भाई (c) सहेली (d) माँ

(v) फूलों से संबंधित काम करने वालों को क्या कहते हैं?

(a) नाई (b)सिपाही (c) दरज़ी (d)माली

प्रश्न.2 दिए गए वाक्यों में उद्देश्य विधेय पहचानकर लिखिए : **[2]**

(i) राकेश फुटबाल खेलता है|

(ii) विष्णु जी ने वामन का रूप धारण किया|

प्रश्न.3. व्यक्तिवाचक संज्ञा और भाववाचक संज्ञा पहचानकर लिखिए:- **[3]**

अर्जुन , मिठास आगरा

प्रश्न.4 दिए गए वाक्यों को पढ़कर काल का नाम बताइए :- **[2]**

(i) राजन गाँव गया था|

(ii) बच्चे घर जा रहे हैं|

प्रश्न.5 दिए गए वाक्यों को पढ़कर सर्वनाम शब्द बताइए :- **[2]**

(i) मेरा विद्यालय चमक रहा है|

(ii) तुम घर जा रहे हो|

प्रश्न. 6 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[6]**

(i) विष्णु जी ने महाबलि से क्या माँगा?

(ii) चौके पर चौका कौन लगा रहा था?

(iii) अर्जुन कैसा लड़का था? अपने विचार लिखिए|

प्रश्न.7 अपने छोटे भाई को योग के फायदे बताते हुए पत्र लिखिए :- **[5]**

अथवा

किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-

(i) मेरा परिवार

(ii) बिजली के फायदे